## खंड - (ग)

(पाठ्यपुस्तक आधारित)

**प्र. 4 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए |** (5X1=5)

**क) निम्नलिखित विशेष्य (के चित्रों) को देखकर उनके लिए सही विशेषण शब्द चुनकर लगाइए ।**

**विशेष्य**



**वर्षा**



**महिला**



**जंगल**



**नदी**



**आँगन**

**विशेषण**

- संभ्रांत
- चंचल
- समतल
- घना
- मूसलधार

LIVEWORKSHEETS

**ख) निम्नलिखित नामों के अन्य रूपों से उनका मिलान कीजिए ।** (5X1=5)

| | |
|---|---|
| सतलुज | रूपपुर |
| चिनाब | वाराणसी |
| बनारस | अजयमेरु |
| अजमेर | विपाशा |
| रोपड़ | शतद्रुम |

**प्र.5 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए |** (5x1=5)

**स्वर्ण-शृंखला के बंधन में**
**अपनी गति, उड़ान सब भूले,**
**बस सपनों में देख रहे हैं**
**तरु की फुनगी पर के झूले।**
**ऐसे थे अरमान कि उड़ते**
**नीले नभ की सीमा पाने,**
**लाल किरण-सी चोंच खोल**
**चुगते तारक-अनार के दाने।**

**क) इस कविता के रचयिता कौन हैं?**

(a) भवानी प्रसाद मिश्र
(b) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(c) शिवमंगल सिंह 'सुमन'
(d) महादेवी वर्मा

LIVEWORKSHEETS

**ख)पिंजरे में पक्षी क्या नहीं भूलते हैं?**

(a) अपनी गति

(b) अपनी उड़ान

(c) केवल a) और b)

(d) अपनी स्वतंत्रता की माँग

**ग) पक्षी क्या सपना देखते हैं ?**

(a) पिंजरे में बंद रहने का

(b) वृक्ष की फुनगी पर झूलने का

(c) पिंजरा तोड़ डालने का

(d) पिंजरे से भाग जाने का

**घ) 'फुनगी' शब्द का अर्थ होता है -**

(a) सफ़ेद फूल

(b) पेड़ की सबसे ऊँची चोटी का सिरा

(c) लंबी टहनी

(d) ऊँची टहनी

**ङ) लाल-किरणों-की सी चोंच से क्या तात्पर्य है ?**

(a) लाल चोंच

(b) सूर्य की चोंच

(c) सूर्य की लालिमा बिखेरती चोंच

(d) इनमें से कोई नहीं

LIVEWORKSHEETS

**(गद्यांश)**

**प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए |** **(3X1=3)**

मुरलीवाला हर्ष-गद्गद हो उठा। बोला-"सबको देंगे भैया! लेकिन ज़रा रुको, ठहरो, एक-एक को देने दो। अभी इतनी जल्दी हम कहीं लौट थोड़े ही जाएंगे। बेचने तो आए ही हैं और हैं भी इस समय मेरे पास एक-दो नहीं, पूरी सत्तावन। ..हाँ, बाबू जी, क्या पूछा था आपने, कितने में दीं!..दीं तो वैसे तीन-तीन पैसे के हिसाब से है, पर आपको दो-दो पैसे में ही दे दूंगा!"।

**क) बच्चे क्या चाहते थे ?**

a) कि पहले मुरली उसको ही मिले
b) मुरलीवाला मुरली के पैसे न ले
c) मुरलीवाला सबको मुरली दे दे
d) मुरलीवाला साथ में खिलौने भी रखे

**ख) मुरलीवाले के पास कितनी मुरलियाँ थीं?**

a) पचास
b) साठ
c) सत्तावन
d) सत्तर

**ग) मिठाईवाला कहानी में इनमें से कौन नहीं हैं?**

a) मिठाईवाला
b) मुरलीवाला
c) तमाशेवाला
d) खिलौनेवाला

**प्र.7 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनिए |** **(2X1=2)**

कमज़ोरी ही है अपनी, पर सच तो यह है कि ज़रा-सी कठिनाई पड़ते; बीसों गरमी, बरसात और वसंत देखने के बाद भी, मेरा मन सदा नहीं तो प्रायः अनमना-सा हो जाता है। मेरे शुभचिंतक मित्र मुँह पर मुझे प्रसन्न करने के लिए आनेवाली छुट्टियों की सूचना देते हैं और पीठ पीछे मुझे कमज़ोर और ज़रा-सी प्रतिकूलता से घबरानेवाला कहकर मेरा मज़ाक उड़ाते हैं।

LIVEWORKSHEETS

**क) उपरोक्त गद्यांश के पाठ का नाम एवं लेखक हैं-**

(a) माँ-नागार्जुन

(b) दादी माँ-शिवप्रसाद सिंह

(c) नानी माँ-शिवमंगल सिंह

(d) नानी माँ-शिवप्रसाद सिंह

**ख) बीसों गरमी, बरसात और वसंत का अभिप्राय है-**

(a) बीस साल का मौसम

(b) बीस वर्ष का होना

(c) लेखक की उम्र बीस साल होना

(d) एक लंबा समय का व्यतीत होना

---- ***** ----

LIVEWORKSHEETS